# उप मुख्यमंत्री साव ने लोक निर्माण विभाग के दो अधिकारियों को किया निलंबित, दो को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश

- चोटिया-चिरमिरी मार्ग के उन्नयन और नवीनीकरण कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण और अमानक कार्य पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने की कड़ी कार्रवाई
- प्रमुख अभियंता को निलंबित अधिकारियों के विरुद्ध 15 दिनों में आरोप पत्र तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश
- कार्यपालन अभियंता और अनुविभागीय अधिकारी को एक सप्ताह में प्रस्तुत करना होगा कारण बताओ नोटिस का जवाब

**रायपुर (आरएनएस)।** लोक निर्माण विभाग ने सडक़ उन्नयन और नवीनीकरण कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण और अमानक कार्य के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की है। कार्यस्थल के निरीक्षण और जांच के बाद उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने चार अधिकारियों पर कार्रवाई की है। लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन और अमानक कार्य के लिए कटघोरा उप संभाग के अनुविभागीय अधिकारी और उप अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। वहीं कोरबा संभाग के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता और उप संभागीय अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव लोक निर्माण विभाग का प्रभार संभालने के बाद से ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने पर लगातार जोर दे रहे हैं। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठकों में अधिकारियों को इसके लिए कड़े निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने को कहा है। कोरबा जिले के चोटिया-चिरमिरी मार्ग के दस किलोमीटर लंबाई के उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य (वास्तविक लंबाई 23.3 कि.मी.) में कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान जाँच में डामरीकरण की मोटाई औसतन कम एवं किए गए कार्य का घनत्व कम पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। मामले में उप संभाग क्रमांक-2 कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी एस.पी. साहू और उप अभियंता राकेश वर्मा को निलंबित किया गया है। मंत्रालय द्वारा जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि गुणवत्ता के मापदण्डों का पालन किए बिना ही अमानक कार्य और मार्ग का डामरीकरण कराकर अनुविभागीय अधिकारी एवं उप अभियंता द्वारा अपने अधिकार का दुरूपयोग कर अपने पदीय कर्तव्य के निर्वहन में अनियमितता बरती गई है। इसलिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत एस.पी. साहू, अनुविभागीय अधिकारी एवं राकेश वर्मा, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उप संभाग क्रमांक-2 कटघोरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय, कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, नवा रायपुर अटल नगर में निर्धारित किया जाता है। दोनों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ते की पात्रता होगी। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को 15 दिनों में दोनों अधिकारियों के विरुद्ध आरोप पत्रादि तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने को कहा गया है। लोक निर्माण विभाग ने चोटिया-चिरमिरी मार्ग के उन्नयन और नवीनीकरण में अमानक स्तर का कार्य एवं गुणवत्ता के मापदण्डों का पालन किए बिना ही डामरीकरण कराए जाने पर कोरबा संभाग के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता ए.के. वर्मा और कोरबा उप संभाग के अनुविभागीय अधिकारी आर.एन. दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शासन द्वारा दोनों अधिकारियों को जारी नोटिस में कहा गया है कि कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान जाँच में डामरीकरण की मोटाई औसतन कम एवं किए गए कार्य का घनत्व भी कम पाया गया है। दोनों अधिकारियों द्वारा कार्य अमानक स्तर का एवं गुणवत्ता के मापदण्डों का पालन किए बिना ही डामरीकरण कराकर अपने अधिकार का दुरूपयोग कर अपने पदीय कर्तव्य के निर्वहन में अनियमितता बरती गई है। दोनों अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्यों में लापरवाही बरती गई है जो उनके कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है। शासन ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के अंतर्गत गंभीर कदाचार मानते हुए दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें नोटिस प्राप्ति के सात दिनों की समयावधि में अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने को कहा गया है। निर्धारित समयावधि में प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# राजिम कुंभ मेला में हजारों लोगों को मिल रहा नि:शुल्क भोजन

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से लौटी राजिम कुंभ कल्प की भव्यता
- राजिम का मेला स्थल रामोत्सव की थीम पर सजाया गया
- राम के जीवन पर आधारित झांकी का हो रहा प्रदर्शन
- स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा प्रदर्शन का मिल रहा मौका
- आज मुख्यमंच पर गोपा सान्याल की टीम और उर्वसी साहू लोक कलामंच की होगी प्रस्तुति

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 7 जनवरी 2024 को राजिम भक्तिन माता जयंती के अवसर पर कहा था कि राजिम कुंभ की भव्यता पुन: लौटेगी। देश भर से साधु संत इसमें शामिल होने आएंगे। मुख्यमंत्री साय की विशेष पहल से राजिम कुंभ की वैभवता पुन: लौट आई है। संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की निगरानी में राजिम कुंभ कल्प-2024 इस बार भगवान श्रीराम को समर्पित करते हुए पूरे कुंभ की संरचना श्रीराम की थीम पर आधारित किया गया है। कुंभ मेला परिसर में जगह-जगह भगवान श्रीराम और उनके आराध्य भगवान सदाशिव की प्रतिमाएं रंगोली और कट-आउट जगह-जगह नजर आने से पूरा राजिम राममय नजर आ रहा है। यहां पर आने वाले स्थानीय लोक मंच के कलाकार सहित राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की गायिकी में भी राम रस बरसता हुआ नजर आ रहा है। भगवान राजीव लोचन जो स्वयं भगवान विष्णु के अवतार है, तो प्रभु राम भी विष्णु के अवतार है और यहां पर श्रीराम की थीम पर आयोजित कुंभ में जगह-जगह विराजे राम को देखकर ऐसा लगता है मानो छत्तीसगढ़ की इस पावन धरा में स्थित लोमश ऋषि आश्रम में मानो पुन: राम पधारे हो और संगम के तट पर राम का राम से मिलन हो रहा है। इस अनुपम छटा का साक्षात्कार जब शाम को लेजर लाइट और साउंड के माध्यम से होता है तब उपस्थित जन समुदाय भक्ति के उस रोमांच से भाव विभूत हो जाता है जिसका वर्णन करना जन-साधारण के लिए असंभव है इस रोमांच को सिर्फ महसूस किया जा सकता है।

राजिम कुंभ मेला स्थल में प्रभु राम के जीवन चरित्र और उनके छत्तीसगढ़ वनवास अवधि पर आधारित जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया जा रहा है। जोकि मेला में पहुंचने वाले समस्त श्रद्धालुओं को अपनी ओर सहर्ष आकर्षित कर रहा है। लोग धार्मिक सद्भाव और मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को अनुभव कर इस झांकी का आनंद उठा रहे हैं।

मेला में मुख्यमंच पर राष्ट्रीय एवं लोक कलाकारों की प्रस्तुति देखकर दर्शक भी झूमने को मजबूर हो रहे हैं। 24 फरवरी से शुरू हुए राजिम कुंभ के दूसरे दिन रविवार को मुख्यमंच पर छत्तीसगढ़ के फिल्म स्टार राजेश अवस्थी की शानदार प्रस्तुति देखकर दर्शक भी नाचने थिरकने लगे। मुख्य मंच पर कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति लोकधारा के संचालक राजेश साहू करडरका कुम्हारी ने गणेश वंदना के साथ शुरूआत की। कुमार पण्डित ने शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति अमर श्रीवास की टीम द्वारा छतीसगढ की परंपरा को जीवंत दिखाने का बखूबी प्रयास किया। आज मुख्यमंच पर गोपा सान्याल की टीम और उर्वसी साहू लोक कलामंच की प्रस्तुति होगी।

# गौसेवक साधराम के हत्यारों को फांसी देने की मांग, आज बजरंग दल की मशाल आक्रोश रैली

**रायपुर (आरएनएस)।** गौ सेवक साधराम यादव, भुनेश्वर साहू के हत्यारों को फांसी देने की मांग सहित सनातन सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल छत्तीसगढ़ प्रांत के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा आज शाम 5.30 बजे पुराना बस स्टैंड पंडरी रायपुर से मशाल आक्रोश यात्रा निकाला जाएगा तथा मशाल यात्रा के अंत में सनातन समाज की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मांगों का ज्ञापन राज्यपाल महोदय को सौंपा जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ के महामंत्री दीपक दुबे ने बताया कि मशाल यात्रा पुराना बस स्टैंड पंडरी से कचहरी चौक, नगर घड़ी चौक, मोतीबाग, फायर बिग्रेड चौक, ओसीएम चौक होते हुए काली माता मंदिर ग्रास मेमोरियल मैदान में समाप्त होगा, तत्पश्चात बजरंगियों का प्रतिनिधि मंडल शाम 7.30 बजे राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगा।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत संगठन मंत्री राहुल वाडिवा, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत महामंत्री दीपक दुबे, राष्ट्रीय बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र साव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भीम साहू, राष्ट्रीय बजरंग दल प्रदेश महामंत्री भोनू सेन, सहित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित होंगे

# घर घुसकर महिला को मारी गोली : गंभीर

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. दो अज्ञात युवक पानी मांगने के बहाने घर में घुसे और एक महिला को गोली मार दी. घटना से इलाके में हडक़ंप मच गया है. इस गोलीकांड में गंभीर रूप से घायल महिला को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. वहीं घटनास्थल पर एसपी चंद्रमोहन सिंह भी पहुंच गए हैं. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है.



मिली जानकारी के अनुसार, मनेन्द्रगढ़ से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सिरौली के वार्ड न.09 में रहने वाली कुंती पत्नी स्वर्गीय राम रुचि 50 वर्ष सोमवार की शाम अपने घर पर अकेली थी. इस दौरान दो युवक घर में आए और उनसे पीने के लिए पानी मांगे. माया जैसे ही पानी लेकर लौटी तो उन दो युवकों में से एक ने महिला पर फायर कर दिया. महिला को गोली मारने के बाद अज्ञात हमलावर घर से फरार हो गए. जब कुंती की पुत्री घर पहुंची तो उसने घर अस्त-व्यस्त देखा. जब उसने मां को आवाज लगाई तो अंदर के कमरे में उसकी मां छिपी हुई थी. घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है. जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# शुभम हत्याकांड के मुख्य आरोपी की हार्ट अटैक से मौत

**दुर्ग (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के खुर्सीपार में मार्च 2023 में हुए शुभम हत्याकांड के मुख्य आरोपी जेल में बंद सेवक राम निषाद की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सेवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। शव का जज के समक्ष पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं इस मामले की न्यायिक जांच की जा रही है।





मिली जानकारी के अनुसार मार्च 2023 से खुर्सीपार में शुभम राजपूत नाम के युवक की हत्या के आरोप में सेवक राम निषाद जेल में बंद था। उसे कान के टीबी की शिकायत थी, जिसका उपचार भी जेल अस्पताल में ही चल रहा था। 21 फरवरी की सुबह करीब 8.30 बजे जब वह अपने बैरक के पास घूम रहा था, तभी अचानक उसके सीने में दर्द उठा और वह गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने उसे जेल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना जेल प्रशासन ने तत्काल पुलिस और जेल के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की बात कही जा रही है।

बता दें कि 8 मार्च 2023 को खुर्सीपार में सभी होली खेल रहे थे। सेवक चिकन लेने जा रहा था, तभी वहां शुभम राजपूत पहुंचकर उससे रुपए छीनने लगा तो आरोपी सेवक ने उससे धारदार हथियार छीनकर शुभम की हत्या कर दी। उक्त हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी सेवकराम को गिरफ्तार किया था। घटना के 9 महीने बाद अचानक से तपन सरकार को इस हत्याकांड से जोड़ा गया था। पुलिस का तर्क था कि तपन सरकार के कहने पर सेवकराम ने शुभम राजपूत की हत्या की थी। दुर्ग केंद्रीय जेल अधीक्षक आरआर राय ने बताया कि जेल आने से पहले ही सेवक टीबी का इलाज करवा रहा था। जेल के अस्पताल में भी इलाज चल रहा था। और 21 फरवरी को उसकी मौत हो गई। फिलहाल मामले की न्यायिक जांच जारी है।

# शहीद कप कबड्डी स्पर्धा के विजेताओं को एसपी ने किया पुरस्कृत

**रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में विगत महिने भर से नवा बिहान के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग के अन्तर्गत जिला के सब डिविजन डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं राजनांदगांव के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें से प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम थाना बोरतलाव से भुरसाटोला ए व बी डोंगरगांव से सीताकसा ए व बी डोंगरगढ़ से गोंण्डवाना, भैंसरा, गैंदाटोला से तेलगान सोमनी से डिलापहरी, इन्दावनी रायल क्लब राजनांदगांव कुल 10 टीमों के खिलाडियों को दिनांक 26.02.2024 रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में नवा बिहान के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग अन्तर्गत ''शहीद कप'' कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में एमएस क्लब भैसरा डोंगरगढ़ प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान गोंडवाना युथ क्लब डोंगरगढ़ रही। विजेताओं को अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा पुरूस्कार वितरण किया गया कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडिय़ों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का सराहना करते कहा की भागम भाग दौड़ में आज की युवा पीढ़ी आज भी कबड्डी को एक नए जोश के साथ प्रस्तुति देकर एक मिसाल पेश की गई है पुलिस द्वारा यह आयोजन जिले भर में कराया जा रहा है पुलिस द्वारा नवा बिहान जैसे अनेक कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें कार्यक्रम किए जा रहे हैं उन्होंने कहा आज के दौर में लोग डिजिटल व आन लाईन ठगी का शिकार हो रहे हैं पुलिस द्वारा समय-समय पर इन सभी से बचने के लिए सभी उपाय बताया जा रहा है खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। कम्युनिटी पुलिसिग अन्त्रगत जिले में विभिन्न खेल एवं अग्निवीर/पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यार्थीयों को फिजिकल व रिटर्न के ट्रेनिंग निशुल्क दी जा रही है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात हेमप्रकाश नायक उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान अजीत ओगरे एवं रक्षित निरीक्षक अरविंद कुमार साहू उपस्थित हुये।

# कई महीने बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने पर कार्यपालन अभियंता ने किया ठेकेदार की निविदा निरस्त

**कांकेर, (आरएनएस)।** लोक निर्माण विभाग कांकेर के अधीक्षण अभियंता पवन कुमार अग्रवाल ने समाचार पत्रों में प्रकाशित 'कमीशन पर विवाद' खबर के संबंध में ठेकेदार द्वारा लगाए गए आरोपों को पूर्णत: निराधार एवं असत्य बताया है। उक्त प्रकरण के संबंध में उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित समयावधि के बाद कई माह बाह भी कार्य नहीं शुरू करने पर उनका अनुबंध समाप्त किया गया है और उन्हें निर्माण कार्य हेतु वसूली योग्य राशि को जमा करने हेतु पत्र लिखा गया है।

अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव द्वारा केशकाल- बांसकोट- अमरावती मार्ग के 01 से 09 किलोमीटर पर बी.टी. नवीनीकरण हेतु ठेकेदार शैलेष शर्मा को कार्यादेश जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि अनुबंध की शर्तों के अनुसार ठेकेदार को 16 अगस्त 2023 तक कार्य पूर्ण करना था किन्तु उक्त ठेकेदार द्वारा 02 जून 2023 की स्थिति में भी कार्य प्रारंभ नहीं किया। परिणामस्वरूप कार्यपालन अभियंता ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पहले कार्य पूर्ण कराएं, लेकिन 15 जून 2023 तक भी उनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। इसके बाद कार्यपालन अभियंता द्वारा अनुबंध के अनुसार दंडात्मक कंडिका के तहत ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया। 16 अक्टूबर और 04 नवंबर को भी कार्य प्रारंभ करने पत्र लिखा गया और ठेकेदार को समयवृद्धि हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया, जिस पर ठेकेदार द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई। परिणामस्वरूप बार-बार निर्देश एवं पत्र लिखने के बाद भी कार्य शुरू नहीं करने के कारण विभागीय नियमों के अनुरूप 14 नवंबर 2023 को कार्यपालन अभियंता कोंडागांव द्वारा उन्हें कारण बताओ सूचना जारी की गई। इस पर ठेकेदार द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में अनुबंध की धारा 02 एवं 03 के तहत अनुबंध समाप्त कर दिया गया और उक्त कार्य की दूसरी निविदा निकालकर 29 जनवरी 2024 को किसी अन्य ठेकेदार को कार्यादेश जारी किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अटका प्रसाद पीड़िया को लेने श्रद्धालुओं की लगी भीड़

**राजिम (आरएनएस)।** राजिम के भगवान राजीव लोचन मंदिर में भगवान राजीव लोचन के लगने वाला भोग प्रसाद जिसे अटका प्रसाद पीडिय़ा भी कहते है को लेने के लिए मंदिर परिसर में बने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष काउंटर में काफी भीड़ देखी जा रही है। विश्व में राजीव लोचन भगवान का पहला मंदिर है जहां पर चांवल और गुंड़ से बने इस विशेष पकवान का भोग लगाया जाता है जिसे पीडिय़ा अटका प्रसाद कहते है। राजिम आने वाला हर श्रद्धालु अपने इष्ट मित्रों और परिजनों के लिए इस प्रसाद को ले जाना नहीं भूलते। इस प्रसाद की खासियत है कि इसे हफ्तों तक रखे रहने के बावजूद भी यह प्रसाद खराब नहीं होता।

### थर्मल ड्रोन से होगी हाथियों की निगरानी, कर्मचारियों का दिया प्रशिक्षण

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कटघोरा वनमंडल के हाथी प्रभावित केंदई, एतमानगर व पसान रेंज में हाथियों की निगरानी के लिए एक और थर्मल ड्रोन कैमरा खरीदा गया है। बुका में कल कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों को इसे चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर तीनों रेंज के रेंजरों के अलावा उनके स्टाफ मौजूद थे। ज्ञात रहे केंदई, एतमानगर व पसान रेंज में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों के निगरानी के लिए स्टाफ की बारी-बारी से ड्यूटी लगाई गई है। रात में हाथियों की निगरानी करने में दिक्कत होती है। इसे देखते हुए अब थर्मल ड्रोन से हाथियों की निगरानी करने का निर्णय लिया गया है।

### टोना का शक, पिटाई कर तोड़ा हाथ

**कोरबा (आरएनएस)।** लेमरु थानांतर्गत ग्राम गढ़-उपरोड़ा में एक ऐसा मामला सामने आया है,जिसे सुनकर लोग हैरान है। गांव में रहने वाले शंकर नामक युवक की जादू टोना के शक में पहले तो जमकर पिटाई की गई और फिर उसका हाथ तोड़ दिया गया। इतने से भी मन नहीं भरा तो उसके चेहरे पर जलते हुए शोलों को फेंक दिया गया, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह से झुलस गया है। गांव में रहने वाले शत्रुहन व उसके साथियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले की शिकायत पुलिस से की जा रही है,जिसके बाद मामले में जरुरी कार्रवाई की जाए।

### लोहा खदान के धसकने से पांच मजदूर मलबे में दबे, दो की मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** दंतेवाड़ा से बड़ी खबर सामने आई है। जहां एनएमडीसी के नए बन रहे एसपी-3 प्लांट में लौह अयस्क की चट्टान धंस गई है. इस हादसे में पोकलेन समेत 4 से 5 मजदूरों के मलबे के नीचे दबने की जानकारी सामने आई है. शुरूआती जानकारी के मुताबिक मौके से दो मजदूरों का शव बरामद किया गया है. हादसे की सूचना के बाद किरंदुल थाना पुलिस, प्रशासन और हरूष्टष्ट के कर्मचारी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं. एसपी गौरव राय ने हादसे की पुष्टि की है.

### सदन में गूंजा फर्जी जातिप्रमाण पत्र से नौकरी का मुद्दा

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सरकारी विभागों में फर्जी जाति प्रमाणपत्र से नौकरी का मुद्दा गूंजा. भाजपा विधायक आशाराम नेताम के सवाल पर मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि अलग-अलग अफसरों के खिलाफ केस मिले हैं, इस संबंध में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि 232 कुल मामले दर्ज किए गए थे, 102 के खिलाफ कार्रवाई लंबित है. 130 प्रकरणों में सरकार के द्वारा कार्रवाई की गई. 60 प्रकरण विभाग में कार्रवाई के लिए लंबित है. 33 प्रकरण बिलासपुर हाईकोर्ट में लंबित है. 6 प्रकरण बिलासपुर हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

### गौतस्करों पर सख्त कार्यवाई को लेकर गौसेवक ने किया दंडवत यात्रा

**रायपुर (आरएनएस)।** गौ तस्करी में लिप्त आरोपियों को जेल भेजने की मांग करते हुए गौ सेवक ओमेश बिसेन दंडवत यात्रा कर रहे हैं. टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक से यात्रा शुरू कर ओमेश बिसेन शंकर स्थित आईजी ऑफिस तक जा रहे हैं, जहां तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही को लेकर आईजी रायपुर रेंज को ज्ञापन सौंपेंगे.गौ सेवक ओमेश बिसेन ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में गौ तस्करी हो रही है. गौ तस्करी का पैसा आतंकवाद में लगता है. आमानाका में गौ तस्करी के मामले में शामिल आरोपी बाहर है. उस तस्करी में मनोज जंघेल और हरीश साहू शामिल थे. 10 ट्रक पार करवाते हैं. 1 ट्रक पकड़वाते हैं. इनका मोबाइल डाटा पूरा निकला जाए. उनके व्हाट्सएप का बैकअप लिया जाए. उनके अकाउंट की जानकारी ली जाए। ओमेश बिसेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गौ तस्कर युवाओं की टीम बनाकर तस्करी करते हैं. हिंदू संगठन में घुसे हुए लोग अगर ऐसे तस्करी करते हैं, तो ऐसे लोगों का बैकग्राउंड चेक करके उन्हें जेल भेजें. इसी मांग को लेकर आज मैं दंडवत यात्रा कर रहा हूं, और आईजी से मिलकर आरोपियों को जेल भेजने की मांग करूंगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**



**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU